आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

**1910 गुरूवार** **20.03.2025**

<u>मुख्य समाचारः–</u>

1– बीजापुर और कांकेर जिलों में आज हुई अलग–अलग मुठभेड़ों में तीस माओवादी मारे गए–डीआरजी का एक जवान भी शहीद।

2– उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने सिंचाई के लिए मुंगेली जिले के खुड़िया जलाशय से जल्द पानी छोड़ने के दिए निर्देश।

3– रायपुर स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय में कल पार्टी पदाधिकारियों की होगी बैठक–प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन उपस्थित रहेंगे।

4– अगले चौबीस घंटों के दौरान मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर हो सकती है हल्की वर्षा।

<u>माओवादी मुठभेड़</u>

बीजापुर और कांकेर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में तीस माओवादी मारे गए हैं। इस मुठभेड़ में डीआरजी का एक जवान भी शहीद हुआ है।

बीजापुर जिले के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर आज सुबह जिले से डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी, स्पेशल टास्क फोर्स–एसटीएफ और कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम बीजापुर और दंतेवाड़ा जिले की सीमा पर गश्त पर निकली थी। इस दौरान गंगालूर थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में छब्बीस माओवादी मारे गए, जिनके शव बरामद कर लिए गए हैं।

वहीं, कांकेर–नारायणपुर सीमा क्षेत्र में सर्चिंग अभियान पर निकली सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ और डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी की संयुक्त टीम और माओवादियों के बीच भी आज मुठभेड़ हुई। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. के. एलेसिला ने बताया कि इस मुठभेड़ में एक महिला सहित चार माओवादी मारे गए हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे जवानों की बड़ी सफलता बताया है।
उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़, 'नक्सलमुक्त भारत अभियान' की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी जवानों के अदम्य साहस और जज्बे की सराहना की है। श्री साय ने डीआरजी के एक जवान की शहादत पर शोक जताया है।

<u>आईइडी विस्फोट</u>

इस बीच, नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ इलाके में माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में सुरक्षा बल का एक अधिकारी और एक जवान मामूली रूप से घायल हो गए। प्रारंभिक उपचार के बाद दोनों की हालत अब सामान्य बताई जा रही है। यह ब्लास्ट अबूझमाड़ इलाके में तब हुआ, जब डीआरजी और एसटीएफ की संयुक्त टीम कांकेर और नारायणपुर के सीमावर्ती इलाके में माओवाद विरोधी अभियान पर थी।

विस–ध्यानाकर्षण

राज्य विधानसभा में आज ध्यानाकर्षण के जरिये भाजपा विधायक नीलकंठ टेकाम ने ग्राम सभाओं को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के तहत वन भूमि प्रदाय में नियमों की अनदेखी करने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कोंडागांव जिले में वन भूमि प्रदाय में नियमों की अनदेखी की वजह से जगह–जगह विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। उन्होंने कहा कि बस्तर के माचकोट और सरगुजा के दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में फर्जी तरीके से ग्राम सभाओं का आयोजन और वन क्षेत्रों का आवंटन किया गया है।

जवाब में आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि कहीं से भी फर्जी ग्रामसभा की शिकायतें प्राप्त नहीं हुई हैं। उन्होंने कहा कि नियम के तहत ही वन भूमि का आवंटन किया गया। श्री नेताम ने कहा कि वे अधिकारियों को निर्देश देंगे कि ग्रामीणों के आपसी विवाद को सुलझाने का प्रयास करें।

ध्यानाकर्षण के माध्यम से ही नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने जैव विविधता से जुड़े मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि जैव विविधता को लेकर प्रदेश में कोई काम नहीं हुआ है। वहीं, भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने वेटलैंड के अंदर अनाधिकृत कब्जे को लेकर सवाल किया। इस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने विभागीय मंत्री केदार कश्यप को जैव विविधता पर विशेषज्ञों के साथ कार्यशाला कराने के निर्देश दिए।

जवाब में श्री कश्यप ने कहा कि जैव विविधता को लेकर सरकार गंभीर है। उन्होंने बताया कि बारह हजार से अधिक स्थानीय निकायों में जैव विविधता पंजी तैयार की जा चुकी है। ग्राम पंचायतों और वेटलैंड स्थलों पर भी काम हो रहा है।

उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सभी विधायकों के लिए इस विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञों को बुलाया जाएगा।

मुख्यमंत्री–अनुदान मांग

इससे पहले, राज्य विधानसभा में कल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विभागों से संबंधित उन्नीस हजार छह सौ तैंतालीस करोड़ अठहत्तर लाख रूपये की अनुदान मांग पारित की गई। अनुदान मांगों पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए प्रदेश में एक अप्रैल से ई–ऑफिस प्रणाली लागू की जाएगी। इसके लिए बजट में बाईस करोड़ सड़सठ लाख रूपये का प्रावधान किया गया है।

प्रधानमंत्री–बिलासपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीस मार्च को बिलासपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कल मोहभठ्ठा में अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। श्री साव ने पच्चीस से उनतीस मार्च तक जिले में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छता अभियान में नवनिर्वाचित पार्षदों, पंचों, सरपंचों और जनप्रतिनिधियों को सहभागी बनाने को कहा। श्री साव ने सभास्थल और इसके आसपास बन रहे पार्किंग स्थल में की जा रही तैयारी का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

खुड़िया जलाशय–पानी

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को मुंगेली जिले के खुड़िया जलाशय से जल्द पानी छोड़ने के निर्देश दिए हैं। इससे ग्रामीणों को निस्तारी के साथ ही खड़ी फसलों को बचाने में भी मदद मिलेगी।

गौरतलब है कि लोरमी क्षेत्र के ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने कल बिलासपुर में उपमुख्यमंत्री से मुलाकात कर खुड़िया जलाशय से निस्तारी के लिए पानी

छोड़ने का आग्रह किया था। श्री साव ने इस पर संज्ञान लेते हुए अधिकारियों से कहा कि खुड़िया जलाशय से जल्द पानी छोड़ा जाए।

राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने रायपुर स्थित परिसर को राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय के आधिकारिक परिसर के रूप में शामिल करने के लिए अधिसूचित किया है। इस फैसले से प्रदेश में फॉरेंसिंक विज्ञान, उससे संबंधित जांच और अनुसंधान के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया जा सकेगा।

इस फैसले पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार जताया है।

भाजपा–बैठक

रायपुर के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में कल इक्कीस मार्च को भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक होगी। इस बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन शामिल होंगे।

भाजपा प्रदेश महामंत्री जगदीश रोहरा ने बताया कि बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, संभाग प्रभारी–सह प्रभारी, जिला संगठन प्रभारी–सहप्रभारी, जिला अध्यक्ष, निवर्तमान जिला अध्यक्ष, सभी मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारी, सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक–सह संयोजक, सभी महापौर, नगर पालिक–नगर पंचायत अध्यक्ष, सभापति, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और जनपद पंचायत अध्यक्ष भी शामिल होंगे।

राज्यपाल–सहायता राशि

राज्यपाल रमेन डेका ने विश्व योग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ के प्रतिभागियों को पचास हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की है। ये प्रतिभागी अगले महीने मलेशिया में आयोजित होने वाली सोलहवीं विश्व योग प्रतियोगिता में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करेंगे। आज राजभवन में प्रतिभागी खिलाड़ी साक्षी वर्मा और विभांशु बंजारे के साथ उनके योग प्रशिक्षक नमेश कुमार साहू ने राज्यपाल से मुलाकात की। इस दौरान श्री डेका ने दोनों प्रतिभागियों को पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये की अनुदान सहायता राशि स्वीकृत कर उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

नवागढ़–मतदान

जांजगीर–चांपा जिले में नगर पंचायत नवागढ़ के वार्ड क्रमांक–चौदह के निर्वाचित पार्षद का बीते आठ फरवरी को निधन हो गया था। इसके बाद इस वार्ड में दोबारा चुनाव कराया जा रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग ने इसके लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया है। यहां आठ अप्रैल को मतदान होगा और मतगणना ग्यारह अप्रैल को की जाएगी।

मौसम

बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण आगामी चौबीस घंटों के दौरान मध्य छत्तीसगढ के जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया कि इससे प्रदेश के तापमान में कुछ गिरावट हो सकती है।

संक्षिप्त समाचार

– रायपुर जिला पंचायत के चुनाव में भाजपा समर्थित नवीन अग्रवाल ने जीत हासिल की है। उन्होंने कांग्रेस समर्थित वतन चंद्राकर को दो वोट से हराया।

– वहीं, सुकमा जिला पंचायत के चुनाव में कांग्रेस समर्थित मंगमा सोयम ने जीत हासिल की है।

– आज विश्व गौरैया दिवस है। यह दिन गौरैया की आबादी में तेजी से हो रही कमी के बारे में जागरूकता के लिए प्रयास है। यह दिवस पहली बार वर्ष दो हजार दस में विश्व के विभिन्न हिस्सों में मनाया गया था।

– उच्च शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय के बाबू आकाश श्रीवास्तव को सरकारी पैसों के दुरुपयोग और गबन के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>